AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीए में दाखिला : स्ट्रीम बदलने वालों का होगा कड़ा इम्तिहान

साइंस व कॉमर्स से इंटर पास अभ्यर्थियों से पूछे जाएंगे इतिहास-भूगोल के सवाल

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। इंटरमीडिएट की परीक्षा बायो, मैथ्स और कॉमर्स स्ट्रीम से पास करने वाले विद्यार्थियों के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय में बीए पाठ्यक्रम में दाखिले की राह आसान होने वाली नहीं है। बीए की प्रवेश परीक्षा में मानविकी वर्ग के विषयों भू गो ल , इतिहास और मनोविज्ञान के 12वीं के स्तर के सवाल पूछे जाएंगे। बायो, मैथ्स और कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों के लिए ये सवाल एकमद नए होंगे और उनका कड़ा इम्तिहान लेंगे।

लविवि में स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के लिए न्यूनतम अर्हता निर्धारित है। 12वीं में मैथ्स लेने वाला विद्यार्थी बीएससी के साथ ही बीकॉम और बीए में भी दाखिले के लिए अर्ह होता है। बीएससी बायो वाले विद्यार्थियों को भी यह सुविधा मिलती है। कॉमर्स वाले विद्यार्थी भी बीए में दाखिले के पात्र होते हैं, जबकि मानविकी वर्ग के विद्यार्थियों को सिर्फ बीए के लिए अर्ह माना जाता है। मेरिट के आधार पर दाखिला होने पर विद्यार्थियों के 12वीं के नंबर देखे जाते हैं, जबकि प्रवेश परीक्षा में विद्यार्थियों को 12वीं के स्तर के विषयों से विभिन्न सवालों के जवाब देने होते हैं।

पाठ्यक्रम में सीटें और प्रवेश परीक्षा में जिन विषयों से आएंगे सवाल

■ बीए-1600- हिंदी, अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, नागरिकशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र
■ बीकॉम- 690- मेंटल एबिलिटी, कॉमर्स, अकाउंटिंग, कॉमर्शियल मैथ्स ■ बीएससी मैथ्स- 480- फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, मेंटल एप्टीट्यूड, कंप्यूटर ■ बीएससी बायो-280- केमिस्ट्री, जूलॉजी, बॉटनी, मेंटल एप्टीट्यूड, कंप्यूटर ■ एलएलबी ऑनर्स-160- जनरल अवेयरनेस, हिस्ट्री, भूगोल, सामाजिक विज्ञान, रीजनिंग ■ बीबीए- 300- जीके, इंग्लिश, न्यूमेरिकल, लॉजिकल रीजनिंग ■ बीसीए-120- जीके, इंग्लिश, न्यूमेरिकल, मैथ्स, कंप्यूटर साइंस, लॉजिकल रीजनिंग ■ डीफॉर्मा-60- 50 सवाल केमिस्ट्री व फिजिक्स, 50 सवाल मैथ्स या बायो का विकल्प ■ बीए-बीएससी योगा- 60- जीके, इंग्लिश, रीजनिंग, सामाजिक विज्ञान ■ बीवोक- 25- फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायो, कंप्यूटर ■ बीएफए-बीवीए- 93- ऑब्जेक्ट ड्राइंग, मेमोरी ड्राइंग, आर्ट पर आधारित लिखित परीक्षा

> **पहले ही जारी कर देते हैं सिलेबस :** विद्यार्थियों की सुविधा के लिए आवेदन फॉर्म जारी होते ही प्रवेश परीक्षा का सिलेबस जारी कर दिया जाता है। स्ट्रीम बदलने वाले विद्यार्थी भी इसके हिसाब से परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। - डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रवक्ता लविवि

13 केंद्रों पर होगी प्रवेश परीक्षा, एडमिट कार्ड जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षा राजधानी के 13 केंद्रों पर होगी। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट www.lkouniv .ac.in से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में 10 से 16 जुलाई के बीच स्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों की दाखिला परीक्षा होगी। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक गैजेट व पाठ्य सामग्री लाना प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर अभ्यर्थी को प्रवेश परीक्षा देने से रोका जा सकता है। (संवाद)

■ आरक्षण संबंधी दस्तावेज लाएं

अभ्यर्थी : लखनऊ। लविवि में स्नातक के रेग्युलर व प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ पाने के लिए इससे संबंधित दस्तावेजों की मूल प्रति प्रवेश परीक्षा में साथ लानी होगी। विवि के प्रवेश समन्वयक विभाग ने पत्र जारी कर कहा कि जिन आवेदकों ने यूई, सीटी, पीएच, एफएफ, डीपी अथवा भारण, एनसीसी, स्पोर्ट्स या दोनों के लिए दावा किया है, उन्हें प्रमाणपत्र की मूल प्रति का परीक्षण परीक्षा केंद्र पर प्रवेश परीक्षा से पहले कराना होगा। (संवाद)

लविवि : बीसीए में एक सीट के 28 दावेदार

लखनऊ। लविवि के बीसीए पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इस वर्ष लगभग 3400 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। विश्वविद्यालय में बीसीए 120 सीटें हैं। इस तरह एक सीट के 28 दावेदार हैं। सीट पाने के लिए प्रवेश परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पिछले वर्ष के मुकाबले पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या में करीब 10 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले साल 3000 ने आवेदन किया था। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विवि के प्रोफेशनल कोर्सों में अभ्यर्थियों की दिलचस्पी लगातार बढ़ रही है। (संवाद)

14 पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित

लखनऊ। लविवि ने विषम सेमेस्टर के 14 पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए। इसमें एमए, एमएससी, एमएचए, बीए ऑनर्स, बीबाए, आचार्य व टूरिज्म पाठ्यक्रम के पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम शामिल हैं। परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। (संवाद)

परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी

लखनऊ। लविवि ने शुक्रवार को सम सेमेस्टर परीक्षाओं के छह पाठ्यक्रमों बीसीए, एमसीए, बीटेक, बीफार्मा, बीएससी एग्रीकल्चर व एमएससी एग्रीकल्चर के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाकर 14 जुलाई कर दी है। छात्र 18 जुलाई तक परीक्षा विभाग में फॉर्म जमा कर सकते हैं। (संवाद)

■ लविवि : रोपे जाएंगे 11 हजार पौधे :लविवि ने शुक्रवार को वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पौधरोपण अभियान चलाया। यह अभियान भूमि एवं उद्यान विभाग व 63 यूपी बीएन नेशनल कोर एनसीसी के साथ मिलकर चला। इसमें कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों की मौजूदगी में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि पूरे जुलाई माह में विवि के दोनों परिसरों में 11 हजार फलदार व औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक्स प्रो. पूनम टंडन, प्रो. एनएन पांडेय, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ किरण लता व डॉ ओपी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: बीसीए की एक सीट के लिए 27 दावेदार आए

बढ़ोतरी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में बैचलर इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम के लिए एक सीट पर 27 अभ्यर्थियों की दावेदारी सामने आई है। बीते सत्र के मुकाबले इस सत्र आवेदनों की संख्या में 10 फीसदी की बढोतरी भी हुई है।

एलयू में केंद्रीयकृत प्रवेश व्यवस्था के तहत स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन बंद हो चुके हैं। 10 जुलाई से प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने की तैयारियां जारी हैं। वहीं सत्र 2023-24 में आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि देखने को मिल रही है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि बीसीए पाठ्यक्रम में आवेदनों की संख्या में बढोतरी हुई है। डॉ. श्रीवास्तव का कहना है कि बीसीए कोर्स के लिए पिछले सत्र 3000 आवेदन फार्म आए थे। जबकि सत्र 2023-24 में आवेदन फार्म लगभग 10 प्रतिशत बढ़कर 3400 हो गए हैं। यह आवेदन 120 सीटों के सापेक्ष आए हैं। इससे एक सीट के लिए लगभग 27 अभ्यर्थियों की दावेदारी पेश हुई है।

एलयू में 11 हजार पौधों से संवरेगा औषधि उद्यान

02 बीघे जमीन पर औषधि उद्यान बनाया जाएगा

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में औषधि उद्यान तैयार किया जा रहा है। इसमें अलग-अलग तरह के 11 हजार पौधे लगाए जाएंगे। लोग औषधीय पौधे मुफ्त में ले सकेंगे।

एलयू के टैगोर लॉन को संवारने का काम शुरू हो गया है। शुक्रवार को वन महोत्सव सप्ताह के तहत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित कई शिक्षकों ने पौध रोपण कर अपनी हिस्सेदारी दर्ज की। विवि के भूमि एवं उद्यान विभाग ने टैगोर लॉन के करीब दो बीघे हिस्से को औषधि उद्यान के तौर पर बनाने की जिम्मेदारी उठाई है। इसकी रूपरेखा अधीक्षक प्रो. एसएन पांडेय ने बनाई है। टैगोर लॉन में सजावटी पौधे जैसे गुड़हल, गुलाब, बेला, गोल्डन चंपा, इकजोरा और फलदार जैसे अमरूद, आम के पौधे लगाए जाएंगे।

औषधीय पौधे तुलसी, एलोवेरा, गिलोय आदि का रोपण हो रहा है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जुलाई में पौधों का रोपण होगा।

i-NEXT PAGE 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी में एमसीए, बीफार्मा और बीटेक कोर्सों में...

डायरेक्ट एडमिशन को 31 तक आवेदन

मिशन एडमिशन

लखनऊ विश्वविद्यालय ने वेबसाइट पर जारी किया नोटिफिकेशनी

LUCKNOW(7 July): लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित बीटेक, एमसीए व बीफार्मा पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश के लिए आफलाइन आवेदन फार्म 31 जुलाई तक भरे जा सकेंगे. डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की काउंसिलिंग के बाद इन पाठ्यक्रमों में बची हुई सीटों पर मेरिट से सीधे प्रवेश दिया जाएगा. विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी कर दिया गया है.

इसे भी जानें

लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संकाय में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस), बीटेक इलेट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बीटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर, बीटेक तृतीय सेमेस्टर (लेटूल एंट्री), एमसीए और बीफार्मा प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (लेटूल एंट्री) की सीटें एकेटीयू की काउंसिलिंग से भरी जाती हैं. उसके बाद खाली सीटों पर लखनऊ यूनिवर्सिटी अपने स्तर पर मेरिट से प्रवेश देता है.

- पाठ्यक्रमों में बची सीटों पर मेरिट से सीधे प्रवेश दिया जाएगा
- पार्ट टाइम एमटेक में आवेदन की डेट अब 31 जुलाई

फीस का विवरण

कोर्स	फीस
बीटेक	60,080 रुपये प्रति सेमेस्टर
एमसीए	56,080 रुपये
बीफार्मा	60,080 रुपये

पार्ट टाइम एमटेक की तिथि बढ़ी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने पार्ट टाइम एमटेक कोर्स में आनलाम आवेदन की तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है. अभी तक सात जुलाई तक आवेदन का मौका दिया गया था. शुक्रवार को इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी किया गया. आगामी नए सत्र में पहली बार इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग की 20-20 सीटों पर प्रवेश होंगे.

यहां जमा होंगे आवेदन फार्म

अभ्यर्थी आफलाइन आवेदन फार्म भरकर फाइनेंस आफिसर लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम से 500 रुपये के ड्राफ्ट व स्व प्रमाणित शैक्षिक अभिलेखों के साथ 31 जुलाई तक जानकीपुरम स्थिति द्वितीय परिसर में बने इंजीनियरिंग संकाय में जमा कर सकेंगे. प्रवेश संबंधी सूचना लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी की जाएगी.

प्रवेश देता है.

आवेदन के लिए पात्रता

बीटेक में आवेदन के लिए 12वीं में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक जरूरी हैं. एससी-एसटी के लिए 40 प्रतिशत है। एमसीए के लिए बीसीए/बीएससी (कम्प्यूटर साइंस, आइटी, मैथमेटिक्स) में 55 प्रतिशत अंक जरूरी हैं. एससी-एसटी के लिए 50 प्रतिशत होना चाहिए। बीफार्मा के लिए 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/बायो टेक्नोलाजी/कम्प्यूटर साइंस से 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है.

ये हैं जरूरी निर्देश

- प्रवेश पत्र (प्रिंटआउट) की दो प्रतिया हालिया पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ लानी हैं. एक काप्री कक्ष निरीक्षक के पास जमा करनी होगी.
- दो नीले या काले बाल प्वाइंट पेन. वाइटनर की अनुमति नही है.
- मूल आइडी प्रूफ, जैसे आधार कार्ड, वोटर आइडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट.
- बिना आवश्यक दस्तावेज प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नही दी जाएगी.
- कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक डायरी, सेल फोन, हेडफोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैमरे आदि के साथ परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नही होगी.
- कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन होगा.

सेंटर बताएगा क्यूआर कोड

एलयू ने 10 जुलाई से शुरू होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शुक्रवार को वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिए. अभ्यर्थी पूर्व में मिली लागइन आइडी के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं. परीक्षा केंद्रों का पता लगाने के लिए प्रवेश पत्र के ऊपर दायें कोने में क्यूआर कोड भी दिया गया है. अभ्यर्थी मोबाइल पर स्कैनर एप के माध्यम से इसे स्कैन करके गूगल मानचित्र से केंद्र पता कर सकते हैं.

10 से 16 तक एग्जाम

एलयू की प्रवेश परीक्षाएं 10 से 16 जुलाई तक होंगी. बीए (एनईपी) की प्रवेश परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय केंद्र में जाने की अनुमति नही होगी. केंद्र पर ही बनाया गया है. प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रवेश पत्र जारी दिए गए हैं.

लाने होंगे डाक्यूमेंट्स

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने क्षैतिज आरक्षण, भारण या दोनों का दावा किया है, उन्हें प्रवेश परीक्षा की तिथि के दिन संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं सभी प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि लेकर आना होगा. केंद्र पर ही इसका परीक्षण किया जाएगा.

AMRIT VICHAR PAGE 4

औषधीय पौधों से महकेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के भूमि व उद्यान विभाग एवं 63 यूपी बटालियन नेशनल कैडेट कोर एनसीसी ने साथ मिलकर वन महोत्सव सप्ताह के दौरान वृहत पौधरोपण अभियान चलाया। पौधरोपण कार्यक्रम शुरुआत प्रो. आलोक कुमार राय ने शिक्षकों छात्रों व विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के साथ की। इस मौके पर छात्र अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन, प्रो. एसएन पांडेय अधीक्षक भूमि एवं उद्यान विभाग, मेजर डॉ. किरण डंगवाल व डॉ. अलका मिश्रा ने टैगोर लान में वृक्षारोपण का समन्वय किया। इस दौरान संजावटी पौधे (जैसे गुड़हल, गुलाब, बेला, गोल्डन चंपा, इकजोरा, फलदार (जैसे अमरूद,आम) एवं औषधीय पौधे (जैसे तुलसी,एलोवेरा,लेमन ग्रास,गिलोय,अश्वगंधा, सदाबहार को रोपा गया।

छह पाठ्यक्रमों की बढ़ी परीक्षा फार्म भरने की तिथि

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को राहत देते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीटेक, एमटेक सहित छह कोर्सों की सम सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.llouniv .ac .in पर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा की तैयारी पूरी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रवेश सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि समाप्त हो गयी है। अब प्रवेश परीक्षा की तैयारियां भी लगभग पूरी हो चुकी है। परीक्षा 10 जुलाई से आयोजित की जायेगी। इसके लिए कुलपति ने सभी जरूरी दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस बार विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट सेल मजबूत होने असर ये रहा है कि प्रोफेशनल कोर्स में आवेदन बढ़ गये हैं। बीसीए में इस बार पिछले साल की अपेक्षा 10 प्रतिशत अधिक आवेदन आये हैं।बता दें कि बीसीए पाठ्यक्रम में 120 सीटों के सापेक्ष पिछले सत्र की अपेक्षा 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 3400 अभ्यर्थियों के आवेदन फार्म आये है, जबकि पिछले सत्र में ये संख्या 3000 के आसपास थी। अर्थात् इस सत्र में एक सीट पर लगभग 27 अभ्यर्थी दावा कर रहें है।

VoL PAGE 5

बीसीए में एक सीट के 27 दावेदार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीसीए कोर्स में 120 सीटों के सापेक्ष पिछले सत्र की अपेक्षा 10 प्रतिशत बढ़कर लगभग 3400 अभ्यर्थियों के आवेदन फार्म आये है, जबकि पिछले सत्र में ये संख्या 3000 के आसपास थी यानि इस सत्र में एक सीट पर लगभग 27 अभ्यार्थी दावा कर रहे है। बता दें कि स्नातक प्रवेश सत्र 2023-24 के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में आवेदन करने की तिथि 4 जुलाई को समाप्त हो गयी है। प्रवेश परीक्षायें 10 जुलाई से निर्धारित है। इस बाबत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के कार्यकाल में विश्वविद्यालय में जिस प्रकार कैम्पस सेलेक्शन के द्वारा छात्रों को नौकरियां प्राप्त हो रही है, उसका प्रभाव स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रम (बीसीए) के आवेदनो पर दिखाई दे रहा है। इस वर्ष स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रम (बीसीए) प्रवेश के आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है।

PIONEER PAGE 4

एक सीट के सापेक्ष 27 आवेदन

लखनऊ। नैक से ए डबल प्लस की रोडिंग के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय में दाखिले को लेकर आवेदन की बाढ़ आ गयी है। आवेदन की स्थिति यह है कि स्नातक स्तर पर प्रोफेशनल कोर्स में शामिल बीसीए में दाखिले के लिए इस बार विवि को एक सीट के सापेक्ष 27 आवेदन प्राप्त हुए हैं। विवि में स्नातक प्रवेश सत्र 2023.24 के अन्तर्गत दाखिले के लिए आवेदन करने की तिथि समाप्त हो गयी है। प्रवेश परीक्षाएं 10 जुलाई से निर्धारित है। इस वर्ष स्नातक प्रवेश के आवेदनो में बीसीए पाठ्यक्रम में आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है, जिसमें से पता चलता है कि आवेदको की रूचि इस पाठ्यक्रम के लिए बढ़ी है। बीसीए पाठ्यक्रम में पिछले सत्र में जहां 120 सीटों के सापेक्ष 3000 आवेदन फार्म आये थे वहीं इस बार इनकी संख्या 10 फीसदी बढ़ कर 3400 हो गयी है। अर्थात् इस सत्र में एक सीट पर लगभग 27 अभ्यार्थी दावा कर रहें है।

3.4K apply for 120 BCA seats at LU

Around 28 candidates will be competing for admission to one seat of BCA at Lucknow University. As many as 3,400 candidates have applied for admission to 120 BCA seats at the university, which is 10% more as compared to the last academic session.

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : 14 तक बढ़ाई गई परीक्षा फार्म भरने की तिथि

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने कई पाठ्यक्रमों में सम सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की तिथि 14 जुलाई तक बढ़ा दी है। इसमें बीसीए छठे, एमसीए दूसरे, बीटेक दूसरे-चौथे, बीफार्म दूसरे, बीएससी एग्रीकल्चर दूसरे, चौथे, छठे व एमएससी एग्रीकल्चर चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों को मौका दिया गया है। बीसीए के परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि 18 जुलाई तथा अन्य परीक्षा फार्म 15 जुलाई तक जमा करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक ने इसके निर्देश जारी किए हैं।

लवि : नए प्रोवोस्ट बने

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में तीन नए प्रोवोस्ट बनाए गए हैं। इनमें बलरामपुर हास्टल की जिम्मेवारी भौतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मनोज कुमार शर्मा, चंद्रशेखर आजाद हास्टल के लिए मैथमेटिक्स एंड एस्ट्रोनामी विभाग की डा. अलका मिश्रा व गंगा हास्टल की जिम्मेवारी आइएमएस के डा. नितिन सिंह को दी गई है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने आदेश जारी कर दिए है। (जाग)

लवि : क्यूआर कोड बताएगा प्रवेश परीक्षा केंद्र का पता

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी किए स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के प्रवेश पत्र

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने 10 जुलाई से शुरू होने वाली स्नातक प्रवेश परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र शुक्रवार को वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दिए। अभ्यर्थी पूर्व में मिली लागइन आइडी के माध्यम से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केंद्रों का पता लगाने के लिए प्रवेश पत्र के ऊपर दायें कोने में क्यूआर कोड भी दिया गया है। अभ्यर्थी मोबाइल पर स्कैनर एप के माध्यम से इसे स्कैन करके गूगल मानचित्र से केंद्र पता कर सकते हैं।

लवि की प्रवेश परीक्षाएं 10 से 16 जुलाई तक होंगी। प्रवेश परीक्षाओं के लिए 13 केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी दिए गए हैं।

प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने क्षैतिज आरक्षण, भारण या दोनों का दावा किया है, उन्हें प्रवेश परीक्षा की तिथि के दिन संबंधित मूल प्रमाण पत्र एवं सभी प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि लेकर आना होगा। केंद्र पर ही इसका परीक्षण किया जाएगा। ऐसा न करने पर उसे आरक्षण या भारण का लाभ नहीं दिया जाएगा।

- प्रवेश पत्र (प्रिंटआउट) की दो प्रतियां हालिया पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ लानी हैं। एक कापी कक्ष निरीक्षक के पास जमा करनी होगी।
- दो नीले या काले बाल प्वाइंट पेन। वाइटनर की अनुमति नहीं है।
- मूल आइडी प्रूफ, जैसे आधार कार्ड, वोटर आइडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट।
- बिना आवश्यक दस्तावेज प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक डायरी, सेल फोन, हेडफोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैमरे आदि के साथ परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नहीं होगी।
- कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।

बीटेक, एमसीए में सीधे दाखिले के आवेदन 31 तक

लखनऊ विश्वविद्यालय में संचालित बीटेक, एमसीए व बीफार्मा पाठ्यक्रम में सीधे प्रवेश के लिए आफलाइन आवेदन फार्म 31 जुलाई तक भरे जा सकेंगे. डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की काउंसिलिंग के बाद इन पाठ्यक्रमों में बची हुई सीटों पर मेरिट से सीधे प्रवेश दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ओर से इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी कर दिया गया है।

लवि के इंजीनियरिंग संकाय में बीटेक सिविल इंजीनियरिंग, बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस), बीटेक इलेट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, बीटेक इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, बीटेक इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग प्रथम सेमेस्टर, बीटेक तृतीय सेमेस्टर (लेटूल एंट्री), एमसीए और बीफार्मा प्रथम व तृतीय सेमेस्टर (लेटूल एंट्री) की सीटें एकेटीयू की काउंसिलिंग से भरी जाती हैं। उसके बाद खाली सीटों पर लवि अपने स्तर पर मेरिट से प्रवेश देता है।

फीस का विवरण

बीटेक	60,080 रु. प्रति सेमेस्टर
एमसीए	56,080 रुपये
बीफार्मा	60,080 रुपये

आवेदन के लिए पात्रता : बीटेक में आवेदन के लिए 12वीं में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एससी-एसटी के लिए 40 प्रतिशत है। एमसीए के लिए बीसीए/बीएससी (कम्प्यूटर साइंस, आइटी, मैथमेटिक्स) में 55 प्रतिशत अंक जरूरी हैं। एससी-एसटी के लिए 50 प्रतिशत होना चाहिए। बीफार्मा के लिए 12वीं फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथमेटिक्स/बायो टेक्नोलाजी/कम्प्यूटर साइंस से 60 प्रतिशत अंक से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

यहां जमा होंगे आवेदन फार्म : अभ्यर्थी आफलाइन आवेदन फार्म भरकर फाइनेंस आफिसर लवि के नाम से 500 रुपये के ड्राफ्ट व स्व प्रमाणित शैक्षिक अभिलेखों के साथ 31 जुलाई तक जानकीपुरम स्थिति द्वितीय परिसर में बने इंजीनियरिंग संकाय में जमा कर सकेंगे। प्रवेश संबंधी सूचना वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर जारी होगी।

पार्ट टाइम एमटेक की तिथि बढ़ी : लवि ने पार्ट टाइम एमटेक कोर्स में आनलाम आवेदन की तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई कर दी है। अभी तक सात जुलाई तक आवेदन का मौका दिया गया था।

ये हैं जरूरी निर्देश

- प्रवेश पत्र (प्रिंटआउट) की दो प्रतियां हालिया पासपोर्ट आकार की फोटो के साथ लानी हैं। एक काप्री कक्ष निरीक्षक के पास जमा करनी होगी।
- दो नीले या काले बाल प्वाइंट पेन। वाइटनर की अनुमति नहीं है।
- मूल आइडी प्रूफ, जैसे आधार कार्ड, वोटर आइडी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट।
- बिना आवश्यक दस्तावेज प्रवेश परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- कैलकुलेटर, इलेक्ट्रानिक डायरी, सेल फोन, हेडफोन, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कैमरे आदि के साथ परीक्षा केंद्र में जाने की अनुमति नहीं होगी।
- कोविड-19 से संबंधित दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करना होगा।

शकुंतला विश्वविद्यालय का परीक्षा कार्यक्रम जारी

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक शेष सम सेमेस्टर परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ पर जारी कर दिया है। परीक्षाएं 10 जुलाई से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने बताया कि कुछ विद्यार्थियों ने परीक्षा कार्यक्रम को लेकर आपत्ति जताई थी। छात्रहितों को ध्यान में रखते हुए कई परीक्षा तिथियों के बीच स्थान दे दिया गया है। इसके अलावा बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा कार्यक्रम में आंशिक संशोधन भी किया गया है। इसका विवरण भी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

एलएलएम में शोध प्रबंध जमा करने की तिथि बढ़ी

विश्वविद्यालय के विधि संकाय में संचालित एलएलएम पाठ्यक्रम के चौथे सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को शोध प्रबंध (डिजरटेशन) जमा करने की तिथि बढ़ाकर 25 जुलाई कर दी गई है। अभी तक 15 जून तक समय दिया गया था। विधि संकाय की अधिष्ठाता डा. शेफाली यादव ने शुक्रवार को इसका नोटिफिकेशन वेबसाइट पर जारी कर दिया।

लखनऊ यूनिवर्सिटी में प्रोफेशनल कोर्स बने स्टूडेंट्स की पहली पसंद

iSPECIAL

एलयू के यूजी व पूजी प्रोफेशनल कोर्स में आवेदन खरम

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (7 July): लखनऊ यूनिवर्सिटी की अंडर ग्रेजुएट व अंडर ग्रेजुएट प्रोफेशनल कोर्स में आवेदन बंद हो चुके हैं. लखनऊ यूनिवर्सिटी 10 जुलाई से एग्जाम की तैयारी कर रहा है. इस साल एलयू के कोर्सेज की बात करें तो एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स और बीसीए के कोर्स में काफी आवेदन आए हैं. एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यूनिवर्सिटी के ज्यादातर कोर्स में इस साल स्टूडेंट्स के आवेदन बढ़े हैं, लेकिन एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स में 42 फीसदी और बीसीए में दस फीसदी से अधिक आवेदन आए हैं.

एक सीट पर 37 दावेदार

लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन का कहना है कि एक एलएलबी पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में इस साल 58 64 आवेदन मिले हैं, बीते साल आवेदनों की संख्या 4106 थी. आवेदनों में 42 फीसदी का इजाफा हुआ है. अगर सीटों की बात करें तो एक सीट पर 37 दावेदार अपना दावा पेश कर रहे हैं. सभी आवेदन 160 सीटों के लिए आए हैं. इसी तरह बीसीए प्रोफेशनल कोर्स में भी खूब आवेदन प्राप्त हुए हैं. 120 सीटों के सापेक्ष पिछले सत्र की अपेक्षा 10 प्रतिशत बढ़कर लग